# स्मार्ट सिटीज, मेट्रो और फ्लाईओवर से बदलेगा शहरी जीवन : डॉ. यादव

**8 वर्षों से देश का सबसे स्वच्छ शहर बना हुआ है इंदौर**

**50 हजार करोड़ रुपये का होगा निवेश**



**भोपाल,26 सितम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित अर्बन ट्रांसफार्मेशन समिट-2025 का शुभारंभ किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहरीकरण आज की सबसे बड़ी जरूरत है, क्योंकि नागरिकों का जीवन सरल, सहज और सुविधासंपन्न बनाना ही सरकार का लक्ष्य है.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के शहरों का विकास उनकी विशिष्ट पहचान और तासीर के अनुरूप कर रही है. साथ ही, पुरातन धरोहर और विरासतों को संरक्षित रखते हुए ग्रीन और क्लीन सिटीज के निर्माण की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है.

### मेट्रो और फ्लाईओवर से आधुनिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के प्रमुख नगरों में मेट्रो ट्रेन सेवा और बड़े फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं. इंदौर में मेट्रो शुरू हो चुकी है, वहीं भोपाल में अक्टूबर 2025 से एक कॉरिडोर पर मेट्रो चलने लगेगी. उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटीज के विकास से नई पीढ़ी की आवश्यकताएं पूरी हो रही हैं. बेहतर परिवहन व्यवस्था और ईवी पॉलिसी के माध्यम से प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा दिया जा रहा है. इससे जनसामान्य को सब्सिडी और शुल्क माफी का लाभ मिलेगा, वहीं चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती मिलेगी.

डॉ. यादव ने कहा कि विकसित मध्यप्रदेश-2047 के तहत 2 ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें शहरी क्षेत्रों की अहम भूमिका होगी. उन्होंने निजी निवेश और भागीदारी को भी अत्यंत आवश्यक बताया. समिट के दौरान मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन किया और मीडिया समूह की ओर से उन्हें कॉफी टेबल बुक व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया. कार्यक्रम का संचालन अर्पित गुप्ता ने किया और आभार आदर्श सोम ने व्यक्त किया.

### स्वच्छता और आवास में बड़ी उपलब्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर लगातार 8 वर्षों से देश का सबसे स्वच्छ शहर बना हुआ है. भोपाल, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर भी उत्कृष्ट शहरी सेवाओं के लिए पहचाने जा रहे हैं .उन्होंने बताया कि अफोर्डेबल हाउसिंग योजना के अंतर्गत 8 .56 लाख आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनमें से 82 प्रतिशत आवास महिलाओं के नाम पर हैं. आगे 10 लाख नए घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिस पर 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा. अमृत योजना 2 .0 के तहत जल आपूर्ति और सीवरेज की 8,801 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम जारी है, जिससे प्रदेश की लगभग 60त्न शहरी आबादी लाभान्वित होगी.

### नई योजनाएं और 2047 का विजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों के संभावित विस्तार को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र नियोजन और विकास अधिनियम, 2025 को मंजूरी दी गई है. उन्होंने मध्यप्रदेश अग्नि एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम, 2025 का भी उल्लेख किया, जिससे आपदा प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा को वैज्ञानिक और आधुनिक स्वरूप मिलेगा.

# कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ निकाली रैली



**खरगोन, 26 सितंबर. शुक्रवार को शहर में कांग्रेस ने वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली और सभा का आयोजन कर कांग्रेस की ताकत दिखाने का प्रयास किया गया. इस रैली में न केवल जिले बल्कि प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल हुए.**

दोपहर एक बजे रैली के रुप में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अनाज मंडी पहुंचे. यहां प्रदेश में गौ मांस टैक्स फ्री करने, अवैध शराब सहित फसलों के दामों को लेकर सरकार को घेरने के साथ ही कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को एकजुटता का पाठ भी पढ़ाया. पटवारी ने चुटकी लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कहते है प्रदेश में गौवध प्रतिबंधित है, अरे भाई जब गौवश प्रतिबंधित है तो गौमांस पर टैक्स छूट किसके लिए. यह किसे मुर्ख बना रहे हो. प्रदेश में गौवध नही होने देंगे. सभा को राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी सचिव संजय दत्त, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी, पूर्व मंत्री विजय लक्ष्मी साधौ, पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन, विधायक झूमा सोलंकी, केदार डावर, ने भी संबोधित किया.

> इस दौरान मोंटू सोलंकी और ग्यारसीलाल रावत मौजूद रहे. संचालन जिलाध्यक्ष रवि नाईक ने किया आभार उपाध्यक्ष विजय कोचले ने माना. सभा में पटवारी ने जिले की महती बिंजलवाडा सिंचाई परियोजना में गड़बड़ी, अनियमितता की शिकायत पर कहा कि उपस्थित कार्यकर्ताओं में कई किसान है. पार्टी किसानों के साथ है, योजना का लाभ दिलाने के लिए जिले से प्रदेश स्तर तक पार्टी आंदोलन करेगी.

## भ्रष्टाचारियों की रक्षा भाजपा सरकार का राजधर्म : सिंघार

**भोपाल.** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के मामले में राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि अब यह साफ हो गया है कि भ्रष्टाचारियों की रक्षा करना ही भाजपा सरकार का राजधर्म बन गया है. सिंघार ने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के चुनावी हलफनामे में संपत्ति छुपाने के आरोपों की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने भी तल्ख टिप्पणी की है कि सरकार निर्वाचन आयोग को रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करा रही है. इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार मंत्री को बचाने में जुटी हुई है. उन्होंने आरोप लगाया कि परिवहन घोटाले से जुड़े तमाम सबूत उन्होंने स्वयं सरकार को सौंपे थे.

## यासीन के परिजनों की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**जबलपुर.** भोपाल के गैंगस्टर यासीम अहमद उर्फ मछली के पारिवारिक सदस्यों ने जिला व पुलिस प्रशासन के द्वारा निशाना बनाकर उनके खिलाफ कार्यवाही किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. पूर्व में पारित आदेश का पालन करते हुए भोपाल कलेक्टर तथा डीसीपी क्राइम कार्यवाही संबंधित दस्तावेजों के साथ हाईकोर्ट में उपस्थित हुए. हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने उनका पक्ष सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये है. भोपाल के गैंगस्टर यासीन अहमद उर्फ मछली के परिवारिक सदस्यों की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि उनके अलावा अन्य लोगों ने भी सरकारी भूमि पर निर्माण किया है और वर्षों से निवासरत है. जिला व पुलिस प्रशासन ने निशाना बनाते हुए सिर्फ उनकी संपत्तियों को ध्वस्त किया है.

# जमोड़ी पुलिस ने गुजरात से लापता किशोरी को किया बरामद

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 सितंबर,जमोड़ी पुलिस ने 1400 किलोमीटर दूर का सफर तय कर गुजरात से लापता किशोरी को सकुशल बरामद किया।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना जमोड़ी पुलिस द्वारा सराहनीय सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस टीम ने अथक प्रयास कर एक लापता नाबालिक किशोरी को वांकनेर (गुजरात) से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 14 जून 2025 को एक परिजन द्वारा थाना जमोड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी नाबालिक किशोरी घर से लापता है। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारों में तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। रिपोर्ट में यह भी आशंका व्यक्त की गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया है।प्रकरण दर्ज कर थाना प्रभारी द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई और लगातार प्रयास किए गए। हाल ही में प्राप्त पुख्ता जानकारी के आधार पर पुलिस टीम वांकनेर (गुजरात) पहुंची और 1400 किलोमीटर दूर से किशोरी को सकुशल दस्तयाब कर थाना जमोड़ी लाया। वैधानिक कार्रवाई उपरांत किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## ऑनलाइन क्विज में 1065 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**सिंगरौली 26 सितम्बर।** पीएमकेकेवाई एवं डीएमएफ के क्रियान्वयन के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं और इसी कड़ी में नवाचार करते हुए ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी आयु वर्ग के व्यक्ति, विद्यालय, महाविद्यालय तथा तकनीकी संस्थानों के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनों ने बढ़चढ़ कर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। इस ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में कुल 1065 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान कुलदीप द्वितीय स्थान राजेश शुक्ला तथा तृतीय स्थान लकी मिश्र ने प्राप्त किया, जिन्हें इनाम स्वरूप क्रमशः 5100, 3000 एवं 2100 रूपये तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले 10 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों विशेषकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित की है।



# कांग्रेस नेता भास्कर मिश्रा के मामले में सुनवाई आज

**कांग्रेस नेता भास्कर मिश्रा पर विधायक देवसर ने दर्ज कराया है एससी-एसटी एक्ट, कांग्रेसियों ने एसपी के नाम सौपा ज्ञापन**

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 सितम्बर। कांग्रेस नेता भास्कर मिश्रा को आज जमानत नही मिली है। आरोप है कि कोतवाली पुलिस न्यायालय में डायरी नही पेश की है। जिसके चलते मामला लटक गया और कल दिन शनिवार को जमानत पर सुनवाई होगी।**

वहीं कांग्रेसियों ने कोतवाली पुलिस पर गंभीर आरोप भी लगाया है। साथ ही विप्र के साथ अन्य समाज के लोगों ने एसपी दफ्तर पहुंच भास्कर मिश्रा को तत्काल रिहा कराये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है। गौरतलब है कि देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम ने कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रदेश सचिव भास्कर मिश्रा के खिलाफ एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत कोतवाली बैढ़न में अपराध पंजीबद्ध कराया है। बीते दिन कल कोतवाली पुलिस ने भास्कर मिश्रा को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय बैढ़न में पेश किया, लेकिन जमानत पर सुनवाई नही हो पाई और आज कोतवाली पुलिस न्यायालय में डायरी भी पेश नही की। आरोप है कि कोतवाली पुलिस जानबूझकर मामले को लटका रही है। चर्चा है कि कल दिन शनिवार को भास्कर मिश्रा के जमानत पर न्यायालय में सुनवाई हो सकती है। वहीं मऊगंज पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने पुलिस अधिकारियों को चेतावनी दिया है कि यदि तीन दिवस के अंदर भास्कर मिश्रा की रिहाई नही हुई तो, सर्व समाज के लोग आंदोलन, धरना प्रदर्शन करेंगे।

उधर विधायक देवसर के इस कार्यप्रणाली से लोगों में भारी आक्रोश है और सोशल मीडिया से लेकर पूरे जिले में विधायक की जमकर किरकिरी हो रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि भास्कर मिश्रा के खिलाफ जानबुझकर विधायक ने एफआईआर दर्ज कराया है। अदाणी कंपनी का नाम लेना गुनाह है। कोल वाहनों से भले ही कई घरों के चिराग बूझ जाये, इसे विधायक एवं अदाणी कंपनी से कोई लेना-देना नही है। अब तो नो-इन्ट्री में भी परसौना-रजमिलान मार्ग में कोल कंपनी को गुपचुप तरीके से छूट दे दी गई है। जबकि इन दिनो नवरात्रि चल रहा है और सड़को में भारी भीड़ है।

## एक नजर में

### डांडिया कार्यक्रम स्थगित

**मुरैना.** जिले में कल से शुरू होने वाले तीन दिवसीय डांडिया कार्यक्रम को बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठनों के विरोध के बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया था. जानकारी के अनुसार, मुरैना के राधिका पैलेस होटल के मैरिज गार्डन में पिछले तीन दिनों से महिलाएं और बच्चियां डांडिया नृत्य की रिहर्सल कर रही थीं, जिसकी ट्रेनिंग एक गैर-हिंदू व्यक्ति द्वारा कराई जा रही थी. कल बजरंग दल सहित अन्य संगठनों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद प्रशासन ने कार्यक्रम की मौखिक अनुमति रद्द कर दी. बताया गया कि अनुमति स्थगित होने के बाद प्रतियोगी महिलाएं और बच्चियां देर शाम कलेक्टर अंकित अस्थाना से उनके बंगले पर मिलीं.

### पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की तबीयत बिगड़ी

**बैतूल.** पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शुक्रवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने बैतूल जिला पहुंची थी, जहां उनकी अचानक तबीयत बिगड़ने से हडकंप मच गया, जिसके बाद प्रशासन ने घोड़ाडोंगरी और शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मेडिकल टीमों को अलर्ट कर दिया गया. प्राथमिक जानकारी के अनुसार, उमा भारती बैतूल जिले में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं. इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई. डॉक्टरों की टीम उनकी सेहत पर नज़र रखे है. उधर प्रशासन ने घोड़ाडोंगरी और शाहपुर सामुदायिक केंद्रों में आपात चिकित्सा सेवाओं को सक्रिय कर दिया है।

# महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ भाजपा नेताओं की आदत बन गई है : ज्ञान सिंह

## राहुल, प्रियंका पर अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने किया विजयवर्गीय का पुतला दहन

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 सितम्बर। भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी एवं सांसद प्रियंका गांधी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अगुवाई में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय जवाहर कांग्रेस भवन के सामने कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया.**



मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे और भाजपा सरकार और मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कैलाश विजयवर्गीय द्वारा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर की गई टिप्पणी को भारतीय संस्कृति और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का अपमान बताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का रिश्ता एक सामान्य भारतीय परिवार की तरह सहज और भाई-बहन की पवित्र मर्यादा का प्रतीक है। विजयवर्गीय जैसे नेता उस रिश्ते पर कीचड़ उछालकर हर भारतीय भाई-बहन के सम्मान और रिश्ते की मर्यादा को कलंकित कर रहे हैं। यह बयान भाजपा की गंदी मानसिकता का सबूत है उन्होंने आगे कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा दिए जा रहे इस प्रकार के अमर्यादित वक्तव्य न केवल राजनीतिक मर्यादा का हनन है, बल्कि नारी सम्मान और भारतीय समाज की सभ्यता का भी अपमान है। महिलाओं का अपमान करना और उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ करना भाजपा नेताओं की आदत बन गई है।

आए दिन भाजपा नेताओं के द्वारा महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध बयान आते रहते हैं और उनके ऊपर शीर्ष नेतृत्व कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है इससे स्पष्ट है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की भी मूक सहमति इन नेताओं को मिली हुई है जिसकी वजह से यह महिलाओं को अपमानित करने वाले बयान लगातार दे रहे हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसे बयान पर भाजपा नेतृत्व कार्रवाई नहीं करता है और कैलाश विजयवर्गीय देश की महिलाओं से माफी नहीं मांगते हैं तो उग्र विरोध आंदोलन खड़ा किया जाएगा।



# डूबने से तीन युवकों की मौत

## रहली की कोपरा नदी में नहाने गए थे युवक

**सागर, 26 सितम्बर. सागर जिले के रहली थाना अंतर्गत बलेह पुलिस चौकी क्षेत्र की कोपरा नदी में नहाने गए तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के अनुसार, गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र के ग्राम गुंजौरा निवासी शुभम विश्वकर्मा, शिवम कुर्मी और राम राजा बुंदेला शुक्रवार को बादीपुरा स्थित कोपरा नदी के चकरा घाट पर नहाने पहुंचे थे. इसी दौरान तेज बहाव की चपेट में आकर तीनों युवक डूब गए. सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे. काफी मशक्कत के बाद शवों को नदी से बाहर निकाला गया.

# बायोफ्यूल सर्कल ने मध्य प्रदेश में नए बायोमास बैंक शुरू कर किसानों से संबंध मजबूत किए

नवभारत न्यूज

**सतना 26 सितंबर, भारत की अग्रणी डिजिटल बायोएनर्जी सप्लाई चेन प्लेटफॉर्म बायोफ्यूलसर्कल मध्य प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर अपनी पहुँच बढ़ा रहा है, ताकि बायोमास एकत्रीकरण के लिए एक सस्टेनेबल इकोसिस्टम बनाया जा सके।**



किसानों से सीधे जुड़ाव और ग्रामीण स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, कंपनी ने आज सतना जिले के नागोद तहसील में स्थित मधिकला ग्राम पंचायत के अंतर्गत मधिकला बायोमास बैंक का उद्घाटन किया। इसके अलावा, राज्य भर में पांच और बायोमास बैंक स्थापित किए जा रहे हैं- जिनमें भोपाल जिले में बनखेड़ी, ताजपुरा और कानोरा, तथा सतना जिले के नागोद और बांधा शामिल हैं। इन बायोमास बैंकों में मुख्य कच्चा माल धान की पराली होगी। मध्य प्रदेश में, बायोफ्यूलसर्कल इस सीजन में 50,000 मीट्रिक टन धान की पराली एकत्र करने का लक्ष्य रखता है और इसके लिए 12,000 से अधिक किसानों से जुड़ रहा है। पूरे देश में, कंपनी इस फसल सीजन में 2 लाख से अधिक किसानों के साथ मिलकर 6.5 लाख मीट्रिक टन बायोमास एकत्र करने का लक्ष्य रखती है। मशीनरी आधारित कटाई, फसल अवशेष प्रबंधन और किसानों के लिए वैकल्पिक आय के स्रोत को बढ़ावा देने वाली, मध्य प्रदेश सरकार की "फसल अवशेष प्रबंधन ड्ड वेस्ट टू वैल्यू" पहल के साथ, बायोफ्यूलसर्कल राज्य में पराली जलाने को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों को मजबूत कर रहा है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं आर्मी नं. 13974380p रैंक हवलदार नाम राकेश बुद्धसेन द्विवेदी (RAKESH BUDHSEN DWIVEDI)निवास एल.आई.जी 64 वार्ड क्रमांक 44 चिराहुला कालोनी जिला रीवा म.प्र 486001 का हूं. मैं आर्मी से रिटायर हो चुका हूं. मेरे आर्मी के दस्तावेज में जैसे पी.पी.ओ, सर्विस बुक में मेरी पत्नी का नाम भूलवश कल्पना (KALPNA) दर्ज हो गया है जो कि गलत है. जिसे बदलकर कल्पना द्विवेदी (KALPANA DWIVEDI) कराना चाहता हूं. जो मेरी पत्नी के आधार कार्ड और पैनकार्ड में दर्ज है. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही व सत्य है.

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र)**

क्रमांक 4328/न.पा.नि./राजस्व/2025-26
रीवा, दिनांक 26/09/2025

**अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की आवासीय योजना क्रमांक-8 नेहरू नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में हैं, में स्थित भूखण्ड क्रमांक 2/6/41 एवं 2/6/42 क्षेत्रफल 672+2400=3072 वर्गफिट श्री अनुसुइया गुप्ता, वीरमणि गुप्ता, लक्ष्मीचन्द्र गुप्ता एवं रवि गुप्ता को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, श्री अनुसुइया गुप्ता पिता श्री महेश कुमार गुप्ता इनकी मृत्यु पश्चात इस भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती मंजुला गुप्ता पति स्व. श्री अनुसूइया प्रसाद गुप्ता निवासी नेहरू नगर रीवा (म.प्र) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 23.07.2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है.

उक्त भूखण्ड क्रमांक 2/6/41 एवं 2/6/42 क्षेत्रफल 672+2400=3072 वर्गफिट, के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखो के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है. निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी. पत्पश्चात आवेदक के आवेदन अनुसार उक्त भूखण्ड क्रमांक 2/6/41 एवं 2/6/42 क्षेत्रफल 672+2400=3072 वर्गफिट का नामान्तरण श्रीमती मंजुला गुप्ता पति स्व0 श्री अनुसुइया प्रसाद गुप्ता निवासी नेहरू नगर रीवा (म.प्र) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी.

उपायुक्त (राजस्व)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र)

**नाम सुधार सूचना**

मै अनीता वर्मा पत्नी श्री बृजेश उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पथरौंधा हरिजन बस्ती, तह.उचेहरा जिला सतना म.प्र. की होकर बहलफ सूचित कर रही हूं कि मैने एलआईसी की एक पालिसी नं.357267361 ले रखी है जिसमें मेरा नाम अनीता चौधरी पति राकेश कुमार चौधरी दर्ज है. मेरे पति राकेश कुमार चौधरी का निधन हो गया है अतः मेरा दूसरा विवाह श्री बृजेश से हुआ है. इसलिए मेरे पालिसी में दर्ज नाम अनीता चौधरी पति राकेश कुमार चौधरी के स्थान पर वर्तमान नाम अनीता वर्मा पति श्री बृजेश दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है. अनीता वर्मा और अनीता चौधरी दोनों नाम एक ही व्यक्ति के यानी मेरी ही हैं. अलग-अलग नहीं है.

**CHANGE OF NAME**

I SUBASH K PAPPACHEN resident of Qtr No. TI-28, NCL Colony, P.O : Singrauli, Dist : Singrauli, Madhya Pradesh, hereby declare that I have changed the name of my minor son from RYAN PAPPACHEN SUBASH (old name) to RYAN SUBASH (new name) in all his documents vide affidavit dated 19/08/2025 sworn before the Notary, District & Sessions Court, Waidhan, Singrauli, MP. Henceforth, my son shall be known by his new name RYAN SUBASH for all future purposes.

# जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागेदारी कांग्रेस का मूल मंत्र

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 सितम्बर। म.प्र. के साथ-साथ विंध्य में कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं के द्वारा ब्राम्हण नेताओं की उपेक्षा की जा रही है। जिसको लेकर आज दिन शुक्रवार को विंध्य के कांग्रेसी नेताओं ने जिला मुख्यालय बैढ़न के एक निजी होटल में विप्र समाज के साथ चिंतन शिविर का आयोजन किया गया।**



जहां भारी संख्या में ब्राम्हण समाज के प्रबुद्ध नागरिको के साथ जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागेदारी पर एकजुटता दिखाते हुये एक साथ रहने व पार्टी को अपनी हिस्सेदारी पर विचार विमर्श किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मऊगंज के पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी के साथ-साथ प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा , पूर्व लोस अध्यक्ष सीधी बृजेश तिवारी, जिला महामंत्री संदीप परौहा, धीरेन्द्र मिश्रा रीवा संभाग से शिरकत किये। चितंन शिविर में सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुये विप्र समाज के आये हुये प्रबुद्ध नागरिको को श्रीफल भेंट किया गया। जहां रायशुमारी की गई। रायशुमारी में सभी को खुला मंच दिया गया कि सभी अपने-अपने विचार रखे की कैसे ब्राम्हणों को एकजुट किया जा सके और कांग्रेस पार्टी में अपनी भागेदारी सुनिश्चित की जा सके। क्योंकि विंध्य में 26 फीसदी ब्राम्हण की बाहुल्ता है। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी में 25 वर्ष से दरी बिछाने तक ही सीमित रखा गया है। अब हम सबको उसके ऊपर उठ कर अपनी मजबूत हिस्सेदारी बढ़ाना है। मंथन के दौरान कहा गया कि अभी तक हम सब के विचार नही मिल रहे थे। लेकिन इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है कि हमे अपने-अपने विचार को मिलाना है। हम सब एक जुट होंगे। तभी हिस्सेदारी में भागेदारी बन सकते हैं। हमे शहर से निकल कर गांव-गांव जाना है। अगर एक गांव में एक भी विप्र समाज का व्यक्ति है, उससे हर हाल में मिलना है, अपने साथ उसके सुख-दुख को समझना है। तभी हम एक जुट हो पाएंगे। वर्तमान की जो स्थिति है, उसमें 6 जिलों में 9 जिलाध्यक्ष होते थे, जिसमें से चार ब्राम्हणों को जगह मिलती थी। लेकिन अब एक ब्राम्हण की हिस्सेदारी रखी गई है, ऐसे में कहीं न कहीं हम ब्राम्हण समाज के नेताओं को उपेक्षित किया गया है। चिंतन के दौरान रीवा से आये पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी का कहना है कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी होगी, उसकी उतनी भागेदारी होगी। ऐसे में हम सब विंध्य के ब्राम्हण समाज के कांग्रेसी नेताओं को अब एक जुट होने का समय आ गया है। इस चिंतन शिविर में राम अशोक शर्मा, रमाशंकर शुक्ला, अमित द्विवेदी, देवेन्द्र पाठक दरोगा, मनोज दुबे, सीपी शुक्ला, शशिकला पाण्डेय, मधु शर्मा, उपेन्द्र शुक्ला, दिलीप धर द्विवेदी, रामसाचे दुबे,अनुज शुक्ला, रामनिवास तिवारी, विपिन तिवारी, उपेन्द्र कुमार दुबे, सूरज द्विवेदी, दुर्गा पाण्डेय, मिनाक्षी दुबे, अरूण पाण्डेय, मनीष चौबे सहित भारी संख्या में कांग्रेस से जुड़े ब्राम्हण समाज के नेता उपस्थित रहे।

### शीर्ष नेताओं की बढ़ी टेंशन

म.प्र. के साथ-साथ विंध्य में कुछ ऐसे चर्चित नेता हैं, जो कांग्रेस पार्टी को अपनी जागिर समझ लिये हैं और इन्ही के इशारे पर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चल रहा है। यही वजह है कि विंध्य में कांग्रेस को नुकसान हो रहा है।इसके बावजूद शीर्ष नेताओं की नींदे नही खुल रही हैं और लगातार पार्टी धरातल में समा रही है और सिंगरौली के साथ-साथ विंध्य में विप्र समाज के नेता कांग्रेस पार्टी में रहकर उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि अब विप्र समाज के नेता अपने भागेदारी को मजबूत करने के बाद अब सीधे राहुल गांधी से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद मैहर, जिला - मैहर (म. प्र.)**

Phone-(07674) 232054, Fax-(07674) 234288, e-mail-cmomeher@mpurban.gov.in

क्र./936/ई-निविदा/2025 मैहर, दिनांक 17/9/25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नानुसार कार्य हेतु पंजीकृत फर्म / ठेकेदार जो निविदा मानदण्ड को पूरा करते हों, से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | टेंडर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा फार्म का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 452679 | वार्ड क्र. 06 में बाबा अलाउद्दीन खान जी की कांस्य प्रतिमा की आपूर्ति और स्थापना । | 12,70,000.00 | 9,600.00 | 2,000.00 | केन्द्रीयकृत पंजीयन | कार्यादेश से 03 माह |

1- इच्छुक पंजीकृत फर्म / ठेकेदार द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। ,2- निविदा प्रपत्र दिनांक 18/9/25 समय 10.30 बजे से दिनांक 17/10/25 को समय 17.30 बजे तक ऑन लाइन प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मैहर